

## धनोरा से कमोद तक गूंजा हर हर महादेव



**सेंधवा।** सावन माह के उपलक्ष्य में भाजपा अजजा मोर्चा द्वारा धनोरा से कमोद तक 25 किमी लंबी बिरसा कांवड़ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंच जलाभिषेक किया। विधानसभा क्षेत्र में भव्य बिरसा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया। यात्रा मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ रेलाश सेनानी के नेतृत्व में संपन्न हुई। यात्रा की शुरुआत धनोरा स्थित प्राचीन धनेश्वर महादेव मंदिर से हुई। यहां जल भरने के बाद श्रद्धालुओं ने लगभग 25 किमी की दूरी तय कर कमोद गांव के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में प्रवेश किया। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। भगवा ध्वज लहराते हुए और साउंड सिस्टम पर बज रहे भजनों की धुन पर झूमते श्रद्धालु पूरे मार्ग में शिवभक्ति में लीन रहे। धनोरा से कमोद तक की यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। चाचरिया में श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। पूरे मार्ग पर सेवा भाव और आस्था का अनोखा संगम देखने को मिला। मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ रेलाश सेनानी ने बताया सावन के पावन अवसर पर क्षेत्र की सुख, समृद्धि व शांति की कामना को लेकर यह कांवड़ यात्रा आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जो समाज में सामूहिकता और भक्ति का संदेश देती है।

# श्रावण माह के अंतिम सोमवार निकले शिव डोले

### पानसेमल में मनोकामनेश्वर महादेव ने नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण कर जाना प्रजा का हाल, निवाली में शिव भगवान की झांकी एवं शिव डोला रहा आकर्षण का केंद्र





**पानसेमल/निवाली, (नवभारत)।** नगर में श्रावण के पवित्र माह में शिव भक्तों द्वारा शिव डोले का आयोजन किया। परम पूज्य स्वामी शिवानंद गिरी, संत राजरामदास एवं संत विश्वेशरानंद के सानिध्य में निकले शिव डोले का बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शिव भक्तों ने शिव टेकड़ी से मनोकामनेश्वर महादेव की आरती कर शिव डोला प्रारंभ किया। जो प्रजापति चौक, निवाली रोड़, बस स्टैंड खेतिया रोड़, मेन रोड़ से होकर गायत्री मंदिर, जहां से वापस शिव टेकड़ी पर डोले का समापन महाआरती के साथ हुआ। भक्तों के हाथों में भगवा झंडे लहरा रहे थे। वहीं शिव डोले में संत महंत आयोजन की शोभा बड़ा रहे थे।

इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्र से भी शिव भक्त शामिल हुए। वार्ड 15 के पार्षद प्रतिनिधि महेश गोले ने बताया कि नगरवासियों और वार्ड वासियों के सहयोग से सफल आयोजन हुआ। शिवभक्तों के सहयोग से काजू, बादाम, खजूर, मिश्री और खोपरा मिलाकर 21 किलो की पंच मेवा प्रसादी रखी गई थी। शिव भजनों और धार्मिक गीतों पर बच्चों सहित युवा भी जमकर थिरके, विश्व हिंदू परिषद, राजपूत करणी सेना संगठन सहित नगर वासियों ने अनेक स्थानों पर शिव डोले पर पुष्प वर्षा की। संदीप छाबड़ा ने अपने प्रतिष्ठान पर ठंडाई का वितरण किया।

आयोजन के दौरान तहसीलदार सुनील सिसोदिया, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन सहित पुलिस बल आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर मुस्तैद रहा। शिव डोले का जगह-जगह पुजन कर आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान पन्नालाल गोले, भारत प्रजापत, संतोष गोले, दौलत प्रजापत, ईश्वर गोले, नितेश गोले, दिलीप गोले, मनोहर गोले, पवन गोले, विक्की मुकेश, किशोर राजेश मातादीन, संदीप छाबड़ा, राम सोनाने, विनोद वसावे, मुरली साटोटे सहित प्रजाति समाज की महिलाओं एवं युवाओं का विशेष सहयोग रहा।

### शिव डोले में गूंजे बोल बम के नारे

**निवाली।** नगर में सावन के अंतिम सोमवार को सकल हिन्दू संगठन द्वारा खेतिया रोड़ पुलिस थाना स्थित शिव मंदिर एवं मनोकामनेश्वर महादेव से भगवान भोलेनाथ का विशाल शिव डोला निकाला गया। शिव मंदिर एवं मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर में आरती कर शिव डोला प्रारंभ हुआ। जिसमें शिव भगवान की झांकी एवं शिव डोला आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं शिव डोले का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया।

बस स्टैंड पर जयस संगठन ने शिव डोले का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बजरंग दल ग्रुप द्वारा भी विशेष स्वागत किया गया। पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर शिव डोले की पूजा कर पुष्पवर्षा कर प्रसादी का वितरण किया। वहीं शिव डोला पलसूद रोड़ स्थित शिव टेकड़ी पहुंचा, जहां हजारों की संख्या में लोगों ने शामिल होकर महाआरती की। महाआरती कर सावन के अंतिम शिव डोले में बोल बम के नारे गूंजे।

**जगह-जगह हुआ स्वागत**

- शिवडोले में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु।
- पानसेमल और निवाली में शिवडोले का हुआ स्वागत।

# सांसद निधि से होगा टीनशेड निर्माण

## शिव भक्तों को बारिश में मिलेगी राहत



**निवाली, (नवभारत)।** श्रावण मास के पावन पर्व के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध शिव टेकरी मंदिर जहां श्रावण माह में दर्शन करने के लिए हजारों भक्तों का सैलाब उमड़ता है। शिव भक्तों को बारिश से बचाव के लिए क्षेत्रीय सांसद गजेंद्र पटेल द्वारा टीनशेड निर्माण कार्य के लिए सांसद निधि से ढाई लाख रुपए राशि प्रदान की गई है।

डॉ हुकुम पवार ने बताया कि सांसद पटेल भगवान श्री शिव जी परम भक्त है। उनके द्वारा यहां दर्शन पूजन किया गया था। उस समय उन्होंने कहा था कि श्रावण माह में नीचे सीढ़ियों से मंदिर तक आने-जाने में बारिश से भक्त भीग जाते होंगे। उनके बचाव के लिए मैं यहां टिनशेड निर्माण कराउंगा। जिसके चलते उनके द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। सांसद द्वारा नगर परिषद निवाली को निर्देश दिए गए हैं कि शीघ्र टीनशेड निर्माण कार्य कर कार्य पूर्ण कराया जाए।

मंदिर समिति के राकेश पंडित, डॉ हुकुम पवार, श्याम पंडित, नानू राठौड़, अनितराज गुप्ता, झगड़ु प्रसाद कौशल, प्यार सिंह सोलंकी, कल्याण बघेल, निलेश गुप्ता, सुरेंद्र कुशवाह, योगेश वाणी, गोटू वाणी, दिलीप वाणी, अनिल गिरनार, नवल मंडलोई, मोतीराम सोलंकी, ऋतिक राठौड़, विश्वास राठौड़, मोहित राठौड़, कन्हैया धनगर, सुनील सेन, राकेश धनगर, कैलाश वाणी, पुखराज सोनी, सचिन शितोले, निखिल व्यास, विष्णु प्रजापति, त्रिलोक सोनी, अंकुश पवार, नरेंद्र धनगर सहित समस्त नगरवासियों ने सांसद गजेंद्र सिंह पटेल आभार व्यक्त किया।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**बड़वानी।** पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 5 अगस्त को हुई। जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई व कुछ पेंशनर सदस्यों की समस्या आने पर हल कर यथा संभव प्रयास किए। पेंशनर एसोसिशन अध्यक्ष ने बताया कि संघ में नए सदस्यों दुर्गा सोनी, गीता वाणी, मनोहर लाल गीते को संघ में शामिल किया है। जिनका शाल और माला पहनाकर सम्मान किया गया। बैठक में जीआर सूर्यवंशी, रामलाल वानखेड़े, मोहनलाल पाटिल, रमेश चंद्र सोनाने, बाल चंद गोयल, तुलसीराम कौशल, संतोष यादव, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ गोपी यादव, चारूमित्रा परिहार सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित थे।

## बीइओ को सौंपा ज्ञापन

**पानसेमल।** आजाद अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष साहेबराव पाटिल एवं अतिथि शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद पाटीदार को ज्ञापन सौंपा है। अतिथि शिक्षकों ने बताया कि वे अल्प मानदेय में नियमित सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कुछ अतिथि शिक्षकों का अभी तक वेतन नहीं हो पाया है। जिससे आगामी त्यौहारों में आर्थिक रूप परेशानी हो सकती है। उन्होंने समय पर वेतन मिलने के लिए ज्ञापन सौंपा है। बीइओ विनोद पाटीदार से अतिथि शिक्षकों ने रिक्त पदों पर नियुक्ति तथा अन्य विषयों को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष साहेबराव पाटिल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।




**एक नजर में** — श्री परशुराम मांगलिक भवन में गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज करेगा आयोजन

# 9 अगस्त को होगा श्रावणी कर्म

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी 06 अगस्त.** गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज का श्रावणी कर्मी 9 अगस्त को होगा। समाज अध्यक्ष बिहारीलाल शर्मा ने बताया कि श्री परशुराम मांगलिक भवन में शनिवार को गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण समाजजनों के लिए श्रावणी कर्म का आयोजन किया जाएगा। सुबह 8 बजे से श्रावणी कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

पंडित योगेश शर्मा तलवाड़ा वाले ने बताया कि ब्राह्मणों द्वारा श्रावण पूर्णिमा के दिन किया जाने वाला यह एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। इस दिन ब्राह्मण समुदाय द्वारा हेमाद्रि संकल्प कर दशविधि स्नान कर यज्ञोपवीत (जनेऊ) बदलते हैं। ऋषि मुनियों को तर्पण दिया जाता है। जो ज्ञान के प्राचीन दृष्टा थे। श्रावणी कर्म स्वाध्याय यानि वेदों और शास्त्रों का अध्ययन करना है।



### किया जाता है प्रायश्चित

महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इस दिन अपने ज्ञात-अज्ञात पापों के लिए प्रायश्चित किया जाता है। यह महत्वपूर्ण धार्मिक और सामाजिक अवसर है। जो आध्यात्मिक विकास, आत्म शुद्धिकरण के साथ सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है।

**एक नजर में**

## घर में घुसकर युवक पर किया हमला



**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में रविवार रात एक युवक के घर में घुसकर एक दर्जन से अधिक गुंडों ने जमकर मारपीट की. परिजनों का आरोप है कि हमलावरों में संदीप टिकरिया और उसका भाई सौरभ टिकरिया भी शामिल थे, जिन्होंने घर का सामान फेंकते हुए शैलेंद्र सिंह नामक युवक पर हमला कर दिया. मारपीट में घायल शैलेंद्र को परिजन थाने लेकर पहुंचे, लेकिन आरोप है कि लसूड़िया पुलिस ने उसे रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय एमवाय अस्पताल के बाहर छोड़ दिया. मामले में पुलिस जांच कर रही है.

## होटल में झूठा खाना फेंकने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**इंदौर.** राऊ क्षेत्र के कर्णावत होटल में मामूली बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया, जो गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गया. दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली देने और हाथापाई करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. राऊ थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार ग्राम गुलावट, सांवेर में रहने वाले 19 वर्षीय अभिषेक गिरी ने पुलिस को बताय कि में बताया कि वह रात करीब 10.30 बजे कर्णावत होटल में खाना खाने गया था. खाना खत्म होने के बाद बचा हुआ हिस्सा वह डस्टबिन में डाल रहा था, तभी होटल के कर्मचारी दिलीप टाकिया और अरविंद सिंह वहां आए और उसे झूठा खाना फेंकने पर रोकते हुए गाली-गलौज करने लगे. विरोध करने पर दोनों ने लात-घूंसों से हमला किया, जिससे उसके मुंह, पीठ और पेट में चोट आई. दूसरी ओर अहिरखेड़ी में रहने वाले होटल कर्मचारी दिलीप टाकिया ने पुलिस को बताया कि उसने अभिषेक को खाना टेबल और फर्श पर न गिराने की सलाह दी थी. इस पर अभिषेक वहां से चला गया, लेकिन थोड़ी देर बाद अपने साथियों के साथ वापस आया और गाली-गलौज करते हुए उस पर और उसके साथी अरविंद पर हमला कर दिया. पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## सफाई के बहाने चोरी किए 4.50 लाख

**इंदौर.** पलासिया क्षेत्र में सफाई के बहाने घर में घुसे युवक और युवती पर 4 लाख 50 हजार रुपए की चोरी का आरोप लगा है. घटना ओल्ड लसिया इलाके में हुई. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है. राजेश कुमार नाहटा निवासी 03/01 ओल्ड लसिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 जुलाई को सोनू नामक युवक और उसकी एक महिला साथी उनके घर सफाई करने आए थे. इसी दौरान उन्होंने अलमारी का ताला तोड़कर लॉकर में रखे 4.50 लाख रुपए निकाल लिए. पलासिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने पहले से घर की स्थिति का पता लगाया था या मौके पर ही चोरी की योजना बनाई.

## राजेश पाटीदार, हेमलता पाटीदार को पीएचडी




**महू.** श्री अकादमी के डायरेक्टर, राष्ट्रीय पहलवान, स्काउट मास्टर, रोटेरियन राजेश पाटीदार और श्री एकेडमी की प्राचार्या एवं संचालक हेमलता पाटीदार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अमेरिका की मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी की चयन प्रक्रिया में मानद डॉक्टरेट उपाधि के लिए चयनित किया गया और पीएचडी की मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया. दोनों ने शिक्षा में नवाचार और प्रभाव पर अपने शोध प्रस्तुत किए. नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में इंडिया इंटेलेक्चुअल कॉन्क्लेव में राजेश पाटीदार व हेमलता पाटीदार को मानद डॉक्टरेट की उपाधि, स्वर्ण पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य, पूर्व उप मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश डॉ दिनेश शर्मा, विशेष अतिथि भारत में जमैका के दूतावास हाय कमिश्नर जैसन हॉल, श्रीलंका दूतावास के मिनिस्टर काउंसलर गेशन दिसानायके, रिटायर्ड आईएस अधिकारी राजीव शर्मा, भारत सरकार होम मिनिस्ट्री के डिप्टी सेक्रेटरी सीबी तिवारी, कैडिला फार्मा लिमिटेड के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ पीके राजपूत, अध्यक्ष आईएआरसी डॉ एलेना बर्मन, डॉ विक गेफनी ऑस्ट्रेलिया थे. पाटीदार दंपत्ति की इस उपलब्धि पर राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, विधायक ऊषा ठाकुर, मनोज ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, बीईओ दीपशिखा अचाले, बीआरसीसी अनुराग भारद्वाज, संकुल प्राचार्या सुधा पटेल आदि ने बधाई दी.

# पुलिस की पकड़ में आ रहे रोजाना दो-तीन गुंडे, अब तक 300 तड़ीपार

- त्योहारों से पहले पुलिस की सख्ती सीमा पार छोड़कर आ रही टीमें



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. त्योहारों से पहले पुलिस ने शहर के शातिरों पर शिकंजा कस दिया है. सक्रिय बदमाशों की लिस्ट में शामिल आधे से ज्यादा चेहरों को पुलिस अब तक शहर से बाहर कर चुकी है. इस साल 600 सक्रिय गुंडों में से 300 को तड़ीपार किया जा चुका है. पुलिस रोजाना दो से तीन बदमाशों को जिला बदर कर रही है और कई को खुद शहर की सीमा पार छोड़कर आ रही है.**

पुलिस रिकार्ड के अनुसार शहर में 1000 से ज्यादा बदमाश हैं, जिनमें करीब 600 फिलहाल सक्रिय हैं. इन पर हत्या, लूट, मारपीट, अवैध वसूली और नशे के धंधों जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं. पुलिस ने ऐसे गुंडों को चिन्हित कर 6 महीने से 1 साल तक की अवधि के लिए इंदौर और आसपास के जिलों से तड़ीपार करने की कार्रवाई तेज कर दी है. जिसके तहत सोमवार को चंदननगर पुलिस ने श्याम उर्फ टिम्मा पिता चंपालाल निवासी गणेश नगर और परदेशीपुरा पुलिस ने शुभम पिता राजू तंबोली निवासी पंचम की फैल को 6 माह के लिए जिला बदर कर दिया. आदेश लेकर टीमें दोनों के घर पहुंचीं और लाउडस्पीकर से मुनादी कराई. बीते दो दिनों में भी दो बदमाशों को तड़ीपार किया गया था. वहीं



मुनादी के बाद पुलिस को सूचना मिली कि कुछ जिला बदर बदमाश चोरी-छिपे शहर में घूम रहे हैं. पिछले एक हफ्ते में ऐसे आधा दर्जन बदमाश पकड़े गए, जिन्हें पुलिस ने सीधे जेल भेज दिया.

# फरार पार्षद की तलाश तेज, संपत्ति कुर्क करने की तैयारी

- दिल्ली सहित कई ठिकानों पर दबिश, मददगारों पर भी गिरेगी गाज



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** फरार कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पकड़ने के लिए पुलिस ने शिकंजा कस दिया है. फरारी वारंट की समय-सीमा पूरी होने के बाद अब उनकी संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है. इसी कड़ी में पुलिस ने दिल्ली सहित कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन कादरी का कोई सुराग नहीं मिला.

एडिशनल डीसीपी राम स्नेही मिश्रा का कहना है कि फरारी के दौरान किन-किन लोगों ने कादरी को पनाह या सहयोग दिया, इस पर भी पुलिस ने जांच तेज कर दी है. कई मददगारों की पहचान हो चुकी है और उनसे पूछताछ जारी है. ऐसे लोगों पर साजिश में शामिल होने के आरोप में कार्रवाई हो सकती है. अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही अनवर कादरी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. पुलिस की इस सख्त कार्रवाई ने राजनीतिक हलकों में भी हलचल बढ़ा दी है. अधिकारियों का कहना हैं आरोपी अनवर को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की अलग अलग टीमें काम कर रही है, जल्द ही वह पुलिस के शिकंजे में होगा.

# एशिया कप में भारत-पाक मुकाबले का विरोध

- कांग्रेस पदाधिकारी ने दी आत्मदाह की चेतावनी



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले ग्रुप मुकाबले को लेकर विरोध तेज हो गया है. इंदौर के कांग्रेस सेवादल के कार्यवाहक अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने 14 सितंबर को होने वाले इस मैच को रद्द करने की मांग करते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी है. यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाना है.

खंडेलवाल का कहना है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों में निर्दोष भारतीय मारे जा रहे हैं और पहलगाम हमले में 26 नागरिकों की हत्या कर 26 परिवारों के घर का चिराग बुझा दिया. ऐसे में केंद्र सरकार का भारतीय टीम को पाकिस्तान के साथ खेलने की अनुमति देना देशवासियों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है. उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले लेने के बाद भी अब एशिया कप के नाम पर उसी देश की टीम से खेलना 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है.

## मानव श्रृंखला बनाकर मंगलेश्वर महादेव का जलाभिषेक

**देपालपुर. नगर में ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम हुआ. अति प्राचीन मंगलेश्वर महादेव मंदिर पर मंगलेश्वर महादेव का जलाभिषेक मानव श्रृंखला बनाकर किया गया.** सावन माह के अंतिम सोमवार को मंगलेश्वर मंदिर में लघु रुद्र अभिषेक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जजमान विधायक मनोज पटेल महेश पुरी गोस्वामी विमल यादव सहपत्नीक शामिल हुए. करीब 50 वर्षों बाद सूरजकुंड के जल से मंगलेश्वर महादेव का जलअभिषेक हुआ. विधायक मनोज पटेल के मार्गदर्शन में सूरजकुंड का जीणोद्धार हुआ.

## पोस्ट ऑफिस का लिंक फेल, उपभोक्ता परेशान

**महू.** तीन राज्यों में नया लिंक लोड करने के कारण पोस्ट ऑफिस में लिंक बंद हो गया. राखी के त्यौहार होने के कारण पोस्ट ऑफिस में सैकड़ों लोग राखी भेजने के लिए सुबह से लाइन लगा कर खड़े हैं. यहां के प्रभारी का कहना है कि मध्य प्रदेश में लिंक लोड हो चुका है लेकिन तीन अन्य राज्यों में नया लिंक लोड होने के कारण लगभग पूरे देश में सर्वर बंद है. महू कांग्रेस सेवादल द्वारा आकस्मिक डाकघर पर निरीक्षण किया गया जिसमें पूरे डाकघर की पार्सल सुविधा एवं बहनों के राखी के त्योहार पर अस्त-व्यस्त पड़ी है. पोस्टमास्टर सोफिया शेख से बात की तो उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन है और पूरा ऑल इंडिया का सर्वर डाउन है. हम कैसे रखी भेजें. यह बताओ सेवादार कांग्रेस अध्यक्ष नरेश जोशी ने कहा कि फिर ऐसे त्योहारों पर राखी कैसे पहुंच पाएगी. आपका जवाब जो दे रहा है. वह गलत है. ऐसे तो बहनों का त्यौहार ही नहीं बन पाएगा और अपने भाई को कैसे राखी का उपाय भेज पाएगी. फिर मैडम ने इंदौर पोस्ट में ऑफिस में श्री चौहान साहब से बात की तो उनका भी जवाब ऐसे गोलमोल रहा. अब ऐसे में आप बहनों का त्यौहार कैसे बनेगा यह चिंता का विषय है.

**एक नजर में** — बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने के आदेश से जनता में आक्रोश

# हेलमेट जरूरी, लेकिन यातायात और सड़कों में भी हो सुधार




**इंदौर.** आम जनता की सुरक्षा के लिए पिछले पांच दिनों से हेलमेट लगाने के नियम लागू करते बिना हेलमेट किसी को भी पेट्रोल नहीं देने के आदेश जारी किए गए. वहीं आम जनता ने अपनी-अपनी जुगाड़ से इस आदेश का तोड़ निकाल लिया. साथ ही आम जनता ने इसे सिरे से नकार दिया है.

पेट्रोल पंप पर कुछ लोग परेशान हो रहे हैं तो कुछ जुगाड़ लगाते दिखाई दिए. पंप से दूर दूसरे वाहन चालक से हेलमेट लेकर खुद का काम निकाल रहे हैं. पंप पर बे-मतलब मौजूद पुलिसकर्मी मुंह ताकते रह जाते हैं. जबकि एक जानकारी के अनुसार पुलिसकर्मियों की शहर में बड़ी कमी बताई जाती है. हेलमेट लागू करने पर सवाल नहीं है बल्कि कई सवाल शहर के यातायात को लेकर सड़क सुरक्षा को लेकर है. यातायात विभाग बेलगाम वाहनों पर लगाम नहीं लगा पाया. सिग्नल पर गलत लेन से निकल कर दूसरों को मौत के मुंह तक पहुचान वालों पर कारवाई नहीं कर पाया. यहां तक कि नियम तोड़ती बसों को पूरी तरह नज़र अंदाज़ किया जाता है जो संदेहजनक है. इनमें सिटी बसे सबसे ज़्यादा हैं तो निगम प्रशासन क्यों आंख मूंदे हैं. उन्हें तो शहर की मुख्य सड़कों पर सैकड़ों गड्ढे भी दिखाई नहीं देते, जिससे वाहन चालक दुर्घना के शिकार हो रहे हैं. यातायात विभाग खुद में और नगर निगम सड़क सुधार के नाम पर कोई पहल नहीं हो रही है. तीन दिनों से शहर के लोगों से इस विषय में बात की जिसमें अस्सी प्रतिशन ने इसे स्वीकार नही किया.

### इनका कहना है...



सिग्नल पर राइट जाने वाला लेफ्ट से निकलता है. ऐसे में दुर्घना की संभावना बढ़ती है. कोई किधर से भी निकल जाता है. कोई नियम नहीं. हेलमेट में दिखाई भी नहीं देता. पहले यातायात में बड़ा सुधार लाओ.

**- सत्यनारायण चौहान**



बड़े-छोटे वाहन कभी भी किधर भी मुड़ जाते हैं. कई सिगनल तोड़ते हैं. नियम से चले तो हेलमेट की ज़रूरत ही नहीं पड़े और शहर से ज़्यादा तो हाई-वे पर ज़रूरत है. जहां ध्यान देना ज़रूरी है.

**- कमल विश्वकर्मा**



हेलमेट गलत नहीं है लेकिन बे-लगाम वाहन और जर्जर हाल शहर की मुख्य सड़कें, जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं जो जानलेवा हैं. हेलमेट में कुछ सूझ नहीं पड़ती. पहले यातायात और सड़कों में सुधार किया जाए.

**- जावेद हबीब**